दिनांक 26 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# नेशनल हाईवे ब्रिज बनाने वाली कंपनी ने तोड़ा पाइपलाइन जोन आयुक्त ने उसी कंपनी से सुधारवाया

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 4 क्षेत्र अंतर्गत डबरा पारा के केनाल छावनी में जाने वाली पाइप लाइन को नेशनल हाईवे ब्रिज बनाने वाली कंपनी के द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया , मामला पता चलने पर आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर जोन आयुक्त बागड़े सहित उनके टीम द्वारा निरीक्षण किया गया! पाइपलाइन क्षतिग्रस्त करने की सूचना के आधार पर पहुंचे जोन के अधिकारियों ने निरीक्षण में पाया गया कि नेशनल हाईवे ब्रिज बनाने वाली कंपनी ने शिवाजीनगर खुर्सीपार मे ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा के पास ओवरब्रिज निर्माण कार्य के दौरान पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है जिसकी सूचना भी निगम कार्यालय में नहीं दी गई ! ग्रीष्म ऋतु मे पानी की अत्यधिक आवश्यकता को देखते हुए जोन आयुक्त जोन क्रमांक 4 ने मौके पर ही ओवरब्रिज बनाने वाली कंपनी से बात करके पाइपलाइन को सुधारने का कार्य किया गया जिससे जल आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है ! परंतु विभागीय अधिकारियों को संज्ञान में लाने के लिए कि भविष्य में इस प्रकार का न हो कार्यपालन अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर को पत्र प्रेषित किया है जिसमें उल्लेखित अनुसार नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जोन 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार में ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा के पास ओवरब्रिज निर्माण का कार्य चल रहा है उक्त स्थल पर आपके निर्माण एजेंसी द्वारा तेल्हा नाला पुलिया के नीचे से जलापूर्ति के लिए लगाए गए 200 मीटर व्यास के डीआई पाइप लाइन को छतिग्रस्त कर दिया गया है जिसके कारण जोन क्षेत्र के अधिकांश मोहल्ले में जलापूर्ति बाधित होने की संभावना है इसलिए उक्त क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को तत्काल संधारण करावे ताकि भीषण गर्मी में आम नागरिकों को जलापूर्ति की जा सके!

जल है तो कल है जल ही जीवन है!